# रेत खदान में विवाद के दौरान चली गोली

**उगली थाना क्षेत्र की घटना हादसे में युवक गंभीर**

**सिवनी नवभारत। उगली थाना क्षेत्र स्थित रेत खदान के पास गोली चलने की घटना में इमली टोला निवासी एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है।**

जानकारी के अनुसार इमली टोला निवासी विकास पटले अपने साथी के साथ संगम मेला से घर लौट रहा था। लौटते समय ग्राम खुरसुरा के पास पांडिया-छपारा मार्ग स्थित रेत खदान के पास लगभग सौ से अधिक लोगों की भीड़ दिखाई दी।

भीड़ का कारण जानने के लिए वह खदान की ओर पहुँचा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उस समय खदान संचालक पक्षों के बीच किसी बात को लेकर तीखा विवाद चल रहा था। तनाव के बीच अचानक गोली चल गई और पास में खड़े विकास पटले को गोली लग गई। गोली लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

घायल को तुरंत केवलारी उप-स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।



स्थानीय सूत्रों का कहना है कि विवाद खदान प्रबंधन से जुड़े कुछ लोगों के बीच बढ़ा और उसी दौरान गोली चलने की स्थिति बनी। घटना के बाद खदान क्षेत्र में रातभर पुलिस की मौजूदगी बनी रही। पुलिस ने क्षेत्र का निरीक्षण कर संबंधित लोगों से जानकारी ली है। हालांकि घटना को लेकर किसी भी पक्ष के खिलाफ अब तक आधिकारिक कार्रवाई की जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच जारी है और परिस्थितियों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।




## अमानक आयुर्वेद औषधियों की खरीदी- बिक्री पर लगा प्रतिबंध, विक्रेताओं को स्टॉक हटाने के निर्देश

**सिवनी नवभारत।** औषधि नियंत्रक एवं संचालनालय आयुष, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जारी आदेशानुसार जिला औषधि विक्रेता संघ सिवनी ने जिले के सभी औषधि विक्रेताओं को कुछ आयुर्वेदिक औषधियों के अमानक पाए जाने पर उनकी खरीद-बिक्री तत्काल बंद करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि औषधि निरीक्षक छिंदवाड़ा द्वारा संदिग्ध बैचों के नमूने परीक्षण हेतु ग्वालियर स्थित शासकीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए थे, जिनके परीक्षण परिणाम अमानक पाए गए। इसके बाद इन सभी बैचों की मध्यप्रदेश में बिक्री प्रतिबंधित कर दी गई है। इसी क्रम में जिले में गिलोय सत्व, निर्माता- शर्मायु जेन्यून आयुर्वेद, श्री शर्मा आयुर्वेद मंदिर, दतिया (म.प्र.), कामदुधा रस, प्रवाल पिष्टी, निर्माता- श्री धनवंतरी हर्बल, सोलन (हिमाचल प्रदेश), मुक्त शुक्ति, निर्माता- श्री धनवंतरी हर्बल, सोलन (हि.प्र.), कफ कुठार रस, निर्माता डाबर इंडिया लिमिटेड, साहिबाबाद (उ.प्र.), लक्ष्मी विलास रस (नारदीय) निर्माता डाबर इंडिया लिमिटेड इन सभी बैचों की औषधियों की खरीदी एवं बिक्री पर प्रतिबंध लागू किया गया है। सभी औषधि विक्रेताओं से अपने स्टॉक की जाँच कर इन औषधियों को तुरंत बिक्री से हटाने के लिए निर्देशित किया गया है।

## कंपनी गार्डन में पीएम आवास निर्माण का विरोध, सौंपा ज्ञापन

**सिवनी नवभारत।** नगर पालिका परिषद सिवनी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1161 आवासों के निर्माण के लिए कंपनी गार्डन क्षेत्र के चयन का नागरिकों ने जोरदार विरोध किया है। बुधवार को बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, सामाजिक संगठन और पर्यावरण प्रेमी कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और निर्णय को जनविरोधी तथा पर्यावरण के लिए हानिकारक बताते हुए ज्ञापन सौंपा। नागरिकों ने कहा कि कंपनी गार्डन सिवनी का ऐतिहासिक, हरित और सबसे बड़ा सार्वजनिक पार्क है, जहाँ प्रतिदिन हजारों लोग योग, वॉकिंग, व्यायाम, मनोरंजन और सांस्कृतिक गतिविधियों हेतु आते हैं। इस स्थान को आवास निर्माण के लिए चुनना शहर के स्वास्थ्य, पर्यावरण और भविष्य के साथ खिलवाड़ है।ज्ञापन में नागरिकों ने चेताया कि कंपनी गार्डन शहर के ग्रीन लंग्स के रूप में कार्य करता है। यहाँ बहुमंजिला आवास बनने पर विशाल संख्या में पेड़ों की कटाई, हरित क्षेत्र का क्षरण, जैव विविधता का विनाश, तापमान वृद्धि और वायु प्रदूषण जैसी गंभीर समस्याएँ पैदा होंगी। नागरिकों ने कहा कि गरीबों को घर देना आवश्यक है, पर सार्वजनिक पार्क नष्ट कर आवास निर्माण करना विकास नहीं, पर्यावरण हत्या है।



नागरिकों ने यह भी बताया कि कंपनी गार्डन नगर निवेश योजना में पब्लिक पार्क/ग्रीन बेल्ट के रूप में दर्ज है। ऐसे क्षेत्र में निर्माण करना म.प्र. नगर निवेश अधिनियम, जैव विविधता अधिनियम 2002 तथा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 का उल्लंघन होगा, जो विधिक रूप से चुनौती योग्य है। ज्ञापन में कहा गया कि शहर की सीमा पर कई खाली सरकारी प्लॉट, परित्यक्त कॉलोनियाँ व उपयोगहीन शासकीय भूमि उपलब्ध हैं, जहाँ पीएम आवास योजना आसानी से लागू हो सकती है। लेकिन सार्वजनिक पार्क को आवासीय क्षेत्र में बदलना न शहर हित में है और न ही पर्यावरण की दृष्टि से उचित है। नागरिकों ने कलेक्टर से मांग की है कि कंपनी गार्डन में 1161 आवास निर्माण के प्रस्ताव को तत्काल निरस्त किया जाए, हरित क्षेत्र को प्रभावित किए बिना वैकल्पिक भूमि चयन किया जाए तथा कंपनी गार्डन को पर्यावरणीय विरासत स्थल घोषित कर संरक्षित किया जाए। साथ ही भविष्य में किसी भी पार्क या ग्रीन बेल्ट पर निर्माण रोकने हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग भी की गई।नागरिकों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस प्रस्ताव को वापस नहीं लिया गया तो वे शांतिपूर्ण जन आंदोलन, हस्ताक्षर अभियान, सोशल मीडिया जागरूकता और जनहित याचिका दायर करने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौपने के दौरान गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष देवी सिंह अरबे सहित स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### एक नजर में

## छात्रा पलक राष्ट्रीय स्तर पर करेंगी प्रदर्शन

**राज्य स्तर पर पलक को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ था**



बरघाट। पीएम श्री बुढैनाकलां की पलक पंचेश्वर वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में अरुणाचल प्रदेश में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। पीएम श्री विधालय बुढैनाकलां की छात्रा पलक पंचेश्वर 78 किलो में राज्य स्तर में गोल्ड मेडल जीतकर चयनित हुई जो आगामी दिनों में ईटानगर अरूणाचल प्रदेश में अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेगी विगत चार वर्षों से बुढैनाकलां के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपने खेल से विधालय का नाम रौशन कर रहे हैं स्कूल में अन्य खेलों से भी खिलाड़ी राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं ये सभी खिलाड़ी खेल शिक्षक कैलाश चकोले के मार्गदर्शन में लगातार आगे बढ़ रहें हैं। इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.एस.कुमरे,जिला खेल अधिकारी श्रीमती जस्सी थामस,संस्था प्राचार्य श्रीमती कल्पना उईके, सुश्री प्रमिला भारती, रामनाथ पटले, संतोष चौहान खेल शिक्षक संदीप मिश्रा, सुनील मर्सकोले, प्रेम श्रीवास्तव, आशीष दीक्षित ने बधाई प्रेषित कर उज्जवल भविष्य कामना की है ।

## वाहन की टक्कर से मृत तेंदुए का हुआ शवदाह



सिवनी।मुख्यु वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी ने जानकारी देकर बातया कि खवासा (बफर) के कोठार बीट क्षेत्र में 18 नवम्बर को राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर एक अज्ञात वाहन से टकराने से मादा तेंदुए की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पेंच टाइगर रिज़र्व टीम व वन विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्रवाई की। तेंदुए के शव को वन्य प्राणी चिकित्सालय खवासा लाकर सुरक्षित रखा गया। 19 नवम्बर को पशु चिकित्सकों डॉ. अमित रैयकवार और डॉ. मृणालिनी रामटेके ने पोस्टमार्टम किया, जिसमें सभी अंग सुरक्षित पाए गए। इसके बाद वन विभाग अधिकारियों व स्थानीय प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शवदाह किया गया।

## निर्वाचन कार्यालय कॉल सेंटर संशोधित आदेश

सिवनी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिवनी द्वारा जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थापित कॉल सेंटर 1950 में श्री मनीष जैन सहायक ग्रेड-2 जिला आयुष कार्यालय सिवनी के स?थान पर श्री प्रगेश कुमार पंद्रे औषधि संयोजक जिला आयुष कार्यालय सिवनी मों.नं. 9425839449 की ड्यूटी तत्काल प्रभाव से लगाई है। उक्त संशोधित आदेश के अनुसार जिला निर्वाचन कार्यालय सिवनी में स्थापित कॉल सेंटर में निम्नानुसार कर्मचारी कार्यरत रहेंगे। प्रगेश कुमार पंद्रे जिला आयुष कार्यालय सिवनी मों.नं. 9425839449 प्रात- 09.00 बजे से दोपहर 01.00 बजे तक, कम्प्यूटर ऑपरेटर श्रीमती दिक्षा शर्मा चिकित्सालय गोपालगंज, मो.नं. 9827676060 की दोपहर 01 बजे से शाम 05 बजे तक तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर चिकित्सालय गोपालगंज श्री सचिन चौरसिया, मो.नं. 9303768154 की ड्यूटी शाम 05 बजे से रात 10 बजे तक लगाई गई है। कॉल सेंटर के कर्मचारी प्रतिदिन कॉल सेंटर में प्राप्त कॉल और जानकारी का रजिस्टर संधारित करेंगे।

## स्काउट-गाइड का 18 सदस्यीय दल लखनऊ रवाना

**सिवनी नवभारत।** जिले का 18 सदस्य दल डायमंड जुबली लखनऊ हेतु रवाना भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा अपने 75वर्ष पूर्ण करने के उपलक्ष पर लखनऊ में डायमंड जुबली 0जंबूरीका आयोजन किया जा रहा है जिसमें संपूर्ण भारत के अलावा अन्य देशों के स्काउट गाइड शामिल होगे इसी कड़ी में सिवनी जिले का 18 सदस्य दल जिला कमिश्नर एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री शिव सिंह कु मरे जीके मार्गदर्शन में जिला लीडर विजय शुक्ला एवं सहायक लीडर श्री बाल गोविंद पाठक के मार्गदर्शन में कटनी के लिए प्रस्थान किया यह दल 19 नवंबर से 21 नवंबर तक कटनी में गेट टूगेदर के अंतर्गत अपनी प्रस्तुति प्रदान करेगा।



इसके बाद यह दल 21 नवंबर को राष्ट्रीय जंबूरी हेतु लखनऊ के लिए प्रस्थान करेगा इस दल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस विद्यालय के दो स्काउट गोपालगंज विद्यालय के दोस्काउट बंडोल विद्यालय के दो स्काउट सेंट फ्रांसिस विद्यालय से दो स्काउट आरी विद्यालय से एक स्काउट शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी से दो स्काउट संदीप नी विद्यालय केवलारी से दो स्काउट शासकीय हाई स्कूल खरसरु से स्काउट मिशन इंग्लिश विद्यालय से दो स्काउट इस प्रकार कुल 16 स्काउट एवं दो स्काउट मास्टर सिवनी जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं इस दल को जिला कमिश्नर श्री कु मरे द्वारा हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कर राष्ट्रीय जंबूरी हेतु रवाना किया यह दल जंबूरी में आयोजित सभी साहसिक गतिविधियां मार्च पास्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं वहां आयोजित समस्त गतिविधियों में अपना प्रतिनिधित्व कर जिले का प्रतिनिधि करेगा।

इसका उद्घाटन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा तथा समर्पण अवसर पर देश की महामहिहीन राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू वहां पर छात्रों को अपने आशीर्वचन प्रदान कर जंबूरी का समापन करेंगे। इस अवसर पर जिला प्रतिनिधि विजय शुक्ला नेताजी सुभाष विद्यालय की प्राचार्य राजेश्वरी धुर्वे गोपालगंज स्कूल के श्री उइके, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य महेश गौतम, मिशन इंग्लिश प्राचार्य सुनील सिंह, बंडोल प्राचार्य श्रीमती सोनी, अरी प्राचार्य, सेंट फ्रांसिस की प्राचार्य सिस्टर मैथ्यू एवं स्काउट प्रभारी संतोष तिवारी बेनी प्रसाद प्रजापति अनिल ठाकरे, श्रीमती पूनम सूर्यवंशी, रामास्वामी सतेन्द्र चौधरी, यदुराज उइके का धन्यवाद ज्ञापित किया है जिन्होंने जिले में आयोजित होने वाली स्काउट गाइड गतिविधियों में अपनी सहभागिता प्रदान की है।

## शौर्य कप नेशनल कराते चैंपियनशिप में सिवनी ने जीता मेडल एवं जज रेफरी परीक्षा पास की

**सिवनी नवभारत।** जिला कराते संघ सिवनी के जांबाज कराते खिलाड़ियों ने दिनांक 15-16 नवंबर 2025 को यूथ शोतोकान कराते एसोसिएशन इंडिया सेज यूनिवर्सिटी भोपाल में शौर्य नेशनल कराते चैंपियनशिप का आयोजन किया गया जिसमें कोच सुरभी यादव, सेंसेई कु. राधिका कश्यप एवं शिहांन ओमकार कश्यप के मार्गदर्शन में इन छात्र-छात्राओं ने चैंपियनशिप खेला जिसमें हुम्शिका पन्द्रे ने काता में ब्रांच और कुमिते में ब्रॉन्ज मेडल, अवंतिका कुमार ने काता में ब्रांच, मानस चौरसिया ने काता में ब्रांच, खुशील जय चंदेल ने काता में ब्रांच, कुमिते में ब्रांच मेडल, ध्रुव काता में ब्रांच मेडल, आदेश तिवारी ने काता में ब्रांच, कुमिते में सिल्वर मेडल, आर्यन राजपूत ने काता में ब्रांच, भूमिका ने सिल्वर मेडल, अमोलीका बघेल ने काता में ब्रांच, कुमिते में मेडल, कशिश ने कुमिते में ब्रांच मेडल, निर्मला ने काता में ब्रांच मेडल, जीत कर लगातार सिवनी जिले के नाम को गौरान्वित किया है।



KIO जज एवं रेफरी परीक्षा पास किया जिसमें घनश्याम कश्यप ने रेफरी, संस्कार पटले, कबीर यादव, अयान खान, शिवकुमार भोरगडे, अज्जू कश्यप, खेमचंद पन्द्रे, गौरवी आर्य, साक्षी सराठे, साक्षी यादव, लीलावती चौरसिया, छवि नायक, निशा अहिरवार, निधि अहिरवार, ने जज क्की परीक्षा पास कर सिवनी जिले के नाम को गौरवान्वित किया।



## मुफ्ती मुज्तबा शरीफ सिवनी पहुंचे

**सिवनी नवभारत।** नवासा ए हुज़ूर इमदादुल मोहक्किन मुफ्ती मुज्तबा शरीफ साहब एक देवसी दौरें पर सिवनी आगमन हुआ जिसमें मस्जिद नूर अंबिया बस स्टैंड पर आप ने नमाज़ असर अदा की और अहले सुन्नत व जमात के जिम्मेदार हजरात से मशवरा किया और उसके पलारी में आपके शिष्य मौलाना महमूद जमाली साहब का निकाह में शामिल हुए।

सूफी समाजिक कार्यकर्ता सूफी मंज़ूर रज़ा क़ादरी ने बताया कि जिले भर से आए अहले सुन्नत व जमात सुन्नी हनफी सूफी समाजिक कार्यकर्ता जिम्मेदार हजरात से चर्चा की। आपने ज़िले भर में अहले सुन्नत व जमात को मजबूत करने और हर गांव ग्राम वार्ड में अहले सुन्नत व जमात के नौजवान मर्द बूढ़े बच्चों खासकर महिलाओं को दिनी दुनियावी तालीम से जोड़ने के लिए उनके अंदर शिक्षा तरबियती अभियान चलाया जाएगा। जल्द ही सिवनी मुख्यालय में बड़े सुन्नी हनफी सूफी पथ का बड़ा इज्तिमा आयोजित किया जाएगा।

## छपारा-भीमगढ़ रोड स्थित देवरी के पास खंभे से टकराई बाइक, युवक की मौत





**छपारा नवभारत।** छपारा से भीमगढ़ की ओर जाने वाले मार्ग स्थित देवरी गांव के पास गत देर रात्रि को एक युवक की बाइक अनियंत्रित होकर खंभे से टकरा गई. इस हादसे में युवक झाड़ियां में जा गिरा।

बुधवार की सुबह युवक की बाइक झाड़ियां में और उसका शव देखा गया. जिसके बाद वहां के स्थानीय लोगों के द्वारा इसकी सूचना डायल 112 में दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंची डायल 112 और थाना प्रभारी खेमेन्द्र जैतवार के द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया और मौके से शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए छपारा अस्पताल लाया गया है. युवक की पहचान छपारा थाना क्षेत्र के सालीवाडा गांव सुनील उईक के तौर पर हुई है. जो सालीवाडा से धनोरा खेती के सिलसिले से जा रहा था. लेकिन वह नहीं पहुंचा बीच में ही देवरी गांव के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई. जिसके चलते सर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर मौत हो गई .फिलहाल घटना की जांच में छपारा पुलिस जुटी है।

### हेलमेट होता तो बच सकती थी जान

अनियंत्रित बाइक जिस तरीके से खंभे से टकराई और सुनील उईक के नामक युवक की मौत हो गई . जिसमें देखा गया कि युवक के सर में गंभीर चोट लगी है . जबकि शरीर में कोई ऐसी गंभीर चोट नजर नहीं आ रही है . जिससे प्रतीत होता है कि सर में अगर हेलमेट होता तो शायद उसकी जान बच सकती थी . फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है . वहीं थाना प्रभारी खेमेन्द्र जैतवार के द्वारा बाइक चालकों से अपील की गई है कि वह सुरक्षा को देखते हुए बाइक चलाते समय हेलमेट का उपयोग करें और हेलमेट लगाकर ही बाइक चलाएं . उल्लेखनीय है कि लगातार बाइक सवरों की जिस तरीके से सड़क दुर्घटना में जा रही है उसमें सबसे बड़ी वजह बिना हेलमेट के बाइक चलाना और सर में गंभीर चोट लगने से मौत होना यह निकलकर सामने आ रहा है सिवनी जिले में लगातार बाइक स्वरों की मौत हेलमेट नहीं लगाने की वजह भी बन रही है जिसको लेकर लगातार पुलिस अभियान चला रही है लेकिन लोगों में आज भी जागरूकता का अभाव है .

**आयोजन** — पुलिस अधीक्षक द्वारा मठ कन्या शाला में ऑपरेशन मुस्कान अंतर्गत जागरुकता कार्यक्रम का किया आयोजन

# सायबर अपराध व ऑनलाईन धोखाधड़ी से सजग रहे : एसपी

**सिवनी नवभारत।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा अपराधों के रोकथाम एवं नाबालिग गुम बालक - बालिकाओं की दस्तयाबी के लिए निरंतर हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं साथ ही साथ स्कूलों एवं कालेजों में लगातार जाकर जागरुकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

इसी तारतम्य में 19 नवंबर को पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा मठ कन्या शाला सिवनी में जाकर लगभग 300 स्कूली नाबालिग छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन की उपस्थिति में माँ सरस्वती की पूजन पश्चात ऑपरेशन मुस्कान एवं सायबर जागरुकता अभियान अंतर्गत नाबालिग बालिकाओं को समाज में फैली बुराईयों से बचाने के विभिन्न तरीकों से अवगत कराते हुए नाबालिगों के साथ होने वाले अपराधों एवं उनके दुष्परिणाम तथा धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता की सम्पूर्ण जानकारी दी गयी। छात्राओं को ऐसे कार्य करने के लिये प्रेरित किया गया जिससे देश, उनके शिक्षक एवं उनके माता पिता उन पर गर्व करें एवं उनका भविष्य उज्जवल हो। इसके साथ ही छात्राओं को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप एवं फेसबुक इत्यादि के उपयोगी एवं सकारात्मक संचालन करने हेतु प्रेरित किया।



थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतीश तिवारी द्वारा छात्राओं को वर्तमान में हो रहे सायबर अपराधों एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने, किसी अज्ञात व्यक्ति से सोशल मीडिया में संपर्क नहीं करने एवं ओ.टी.पी. किसी के साथ साझा नहीं करने की समझाईश दी गयी। फिर भी यदि छात्राओं एवं उनके किसी भी परिचित के साथ सायबर अपराध घटित होने की दशा में सायबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करने की जानकारी दी गयी।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान शाला की छात्राओं, शिक्षिका एवं महिला थाना प्रभारी श्रीमति संदीपिका ठाकुर द्वारा छात्राओं की जागरूकता एवं महिला सशक्तिकरण के लिये कविता वाचन किया। जिस हेतु दो स्कूली छात्राओं के द्वारा अभियान से संबंधित उत्कृष्ट कविता वाचन करने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा दोनों छात्राओं को पृथक पृथक प्रोत्साहन भेंट प्रदान किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में थाना कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी, महिला थाना प्रभारी श्रीमति संदीपिका ठाकुर, थाना कोतवाली स्टाफ उनि राहुल काकोडिया, महिला प्रधान आरक्षक लक्ष्मी बागडे, आरक्षक ममता, आरक्षक सिद्धार्थ दुबे, सतीश इनवाती एवं इरफान खान उपस्थित रहें।

# उम्मीद से अधिक उत्पादन दे रहा है पी 34104

**किसानों में बढ़ा उत्साह, बाजार के सहयोग से अच्छे लाभ की संभावना बढ़ी**

**सिवनी नवभारत।** बंडोल क्षेत्र के चंदौरी कला में पायोनियर कंपनी ने फसल कटाई दिवस का आयोजन किया। खरीफ मक्का हाइब्रिड पी 34104 की फसल का प्रदर्शन कार्यक्रम किसानों के बीच रखा गया। कार्यक्रम में 105 किसान शामिल हुए और उन्होंने खेत में तैयार की गई फसल का निरीक्षण किया। कार्यक्रम के दौरान कंपनी प्रतिनिधि हरिओम मिश्रा ने गहानी कराई। किसानों ने फसल का उत्पादन देखकर हाइब्रिड की सराहना की। पी34104 किस्म में अधिक दाने होते हैं और भुट्टा भारी होता है जिससे दानों का वजन अच्छा मिलता है। कम नमी की स्थिति में भी बेहतर उपज प्राप्त होती है। यह हाइब्रिड 110 -115 दिन में पककर तैयार हो जाती है। प्रतिकूल परिस्थितियों में भी यह अच्छा प्रदर्शन करता है। कंपनी किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन और मार्केट सपोर्ट प्रदान करती है। जिससे किसानों को बेहतर मूल्य प्राप्त होने की संभावना अधिक रहती है। किसानों ने कार्यक्रम के प्रति उत्साह जताते हुए अगले सीजन में पी34104 को अधिक रकबे में लगाने का फैसला किया है। कंपनी ने कार्यक्रम में दो नए हाइब्रिड पी 35105 और हाइब्रिड सरसो 45/46 की भी जानकारी दी। इस कार्यक्रम में किसान पवन सनोडिया सहित अन्य किसानों की उपस्थिति रही। किसानों का कहना है कि इस तरह के कार्यक्रम क्षेत्र में लगातार आयोजित होते रहने चाहिए। जिससे किसानों को अपनी फसलों के लिए विभिन्न मार्गदर्शन मिलता रहेगा।



**आम सूचना**

मैं राजीव जैरथ निवासी लखनादौन जिला सिवनी का निवासी हूं। यह कि मेरे पासपोर्ट क्रमांक N4061811 में मेरा नाम राजीव कुमार जैरथ है परंतु वर्तमान दस्तावेज में मेरा नाम राजीव जैरथ है। अत: अब मुझे राजीव जैरथ के नाम से ही जाना व पहचाना जाए ।

राजीव जैरथ
तहसील लखनादौन
जिला सिवनी